HAMIRPUR POLICE

थाना बिंवार **दिनाँक-27.03.2024**

हत्या व लूट का 25,000 रुपयें इनामिया वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड में अवैध असलहा सहित गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 08.02.2024 को श्री रमाशंकर सोनी पुत्र स्व0 श्री कल्लू प्रसाद सोनी निवासी ग्राम पारा (लदार) थाना बिंवार जनपद हमीरपुर के द्वारा थाने पर सूचना दी गई थी कि उनके भाई (मृतक) कृष्णदत्त पुत्र स्व0 श्री कल्लू प्रसाद सोनी व बहन (मृतका) केशकली पुत्री स्व0 श्री कल्लू प्रसाद सोनी निवासीगण ग्राम पारा (लदार) थाना बिंवार जनपद हमीरपुर की, लूटेरों द्वारा लूट की नियत से घर में घुसकर हत्या कर दी गयी। उक्त सूचना पर थाना बिंवार पुलिस के द्वारा वादी के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 33/2024 धारा 302/394/411/34 भा0द0सं0 पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारियों के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के सफल अनावरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दियें गये एवं प्रभारी निरीक्षक थाना बिंवार व SOG की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

दिनांक 14.02.2024 को थाना बिंवार पुलिस व SOG टीम हमीरपुर द्वारा उक्त लूट व हत्या की घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त **1.** पूरन पुत्र शंकरलाल निवासी ग्राम पारा (लदार) थाना बिंवार जनपद हमीरपुर व **2.** हरिया उर्फ हरिकृष्ण पुत्र पंचमलाल निवासी ऊदल चौक मिल्कीपुर थाना कोतवाली जनपद महोबा को पुलिस मुठभेड में लूट के माल सहित गिरफ्तार किया गया था तथा अभियुक्त राजेन्द्र कुरील पुत्र मुन्नीलाल निवासी बेंता थाना बकेवर जनपद फतेहपुर लगातार फरार चल रहा था।

इसी क्रम में फरार अभियुक्त की तलाश , सुरागरसी पतारसी जारी रखते हुए आज दिनांक 27.03.2024 को थाना बिंवार पुलिस व SOG टीम पतारसी सुरागरसी में मामूर थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि कस्बा छानीखुर्द से इंगोहटा मार्ग पर स्थित ठेका के पास एक व्यक्ति बैठा है यह वही व्यक्ति राजेन्द्र कुरील है जिसने अपने साथियों के साथ ग्राम लदार में भाई-बहन की हत्या कर लूट की घटना को अंजाम दिया था, जो लगातार पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर उसके बतायें हुए स्थान पर संयुक्त पुलिस टीम पहुंची तो मुखबिर ने अभियुक्त राजेन्द्र कुरील की तरफ इशारा करके चला गया। पुलिस टीम द्वारा आगे बढ़कर अभियुक्त राजेन्द्र कुरील को घेरकर टोका तो पुलिस को देखकर जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायर किया तो

अभियुक्त के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लगी पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्त राजेन्द्र कुरील पुत्र मुन्नीलाल निवासी बेंता थाना बकेवर जनपद फतेहपुर ने पूछताछ के दौरान यह बताया गया कि दिनांक 06/07.02.2024 की रात्रि में अपने दो साथी 1. पूरन पुत्र शंकरलाल निवासी ग्राम पारा (लदार) थाना बिंवार जनपद हमीरपुर व 2. हरिया उर्फ हरिकृष्ण पुत्र पंचमलाल निवासी ऊदल चौक मिल्कीपुर थाना कोतवाली जनपद महोबा के साथ मिलकर ग्राम पारा (लदार) थाना बिंवार जनपद हमीरपुर के कृष्ण दत्त सोनी जो अविवाहित थे तथा अपनी बहन केशकली के साथ अकेले रहते थे तथा दोनों भाई-बहन वृद्ध भी थे। दोनों के पास करीब 15 बीघा जमीन का स्वामित्व था। इसी कारण धन की लालच में लूट की नीयत से प्रवेश किया गया, लूट के दौरान कृष्णदत्त सोनी व उनकी बहन केशकली जग गए तो पकड़े जाने व पहचान लिए जाने के डर से हम लोगों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई और घर में रखे पैसे और जेवरात की लूट कर ली गई। दिनांक 14.02.2024 को पुलिस द्वारा पूरन व हरिया उर्फ हरिकृष्ण को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था तथा मैं (राजेन्द्र कुरील) मौका पाकर पुलिस टीम पर फायर करते हुए भाग गया था।

घायल अभियुक्त राजेन्द्र कुरील को तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल हमीरपुर ले जाया गया। अभियुक्त के कब्जे से 15,000/- रुपये नकद तथा एक अदद 315 बोर नाजायज तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ।

आज हुई मुठभेड के सम्बन्ध में थाना बिवांर जनपद हमीरपुर पर मु0अ0सं0 70/2024 अभियुक्त राजेन्द्र कुरील के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 307/504/506 आई0पी0सी0 (पुलिस मुठभेड) व 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

राजेन्द्र कुरील पुत्र मुन्नीलाल निवासी बेंता थाना बकेवर जनपद फतेहपुर।

बरामदगी का विवरण:-

अभियुक्त के कब्जे से 15,000/- रुपये नकद तथा एक अदद 315 बोर नाजायज तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद।

अभियुक्त राजेन्द्र कुरील का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 174/21 धारा 379/411 भा0द0सं0 थाना सांढ़ जनपद कानपुर
2. मु0अ0सं0 308/21 धारा 379/411 भा0द0सं0 थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा
3. मु0अ0सं0 339/21 धारा 380/411 भा0द0सं0 थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर
4. मु0अ0सं0 381/21 धारा 41/411 भा0द0सं0 थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर
5. मु0अ0सं0 33/24 धारा 302/394/411/34 भा0द0सं0 थाना बिंवार जनपद हमीरपुर

6. मु0अ0सं0 37/24 धारा 307/504/506 भा0द0सं0 (पुलिस मुठभेड) थाना बिंवार जनपद
7. मु0अ0सं0 70/24 धारा 307/504/506 भा0द0सं0 (पुलिस मुठभेड) व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिंवार जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक राकेश सरोज, थाना बिवांर जनपद हमीरपुर
2. उप निरीक्षक अखिलेश प्रसाद, चौकी प्रभारी कुनेहटा थाना बिंवार जनपद हमीरपुर
3. उप निरीक्षक सचिन सारस्वत, प्रभारी SOG हमीरपुर
4. आरक्षी उमाशंकर शुक्ला टीम SOG हमीरपुर
5. आरक्षी सुरेंद्र मिश्रा टीम SOG हमीरपुर
6. आरक्षी शक्ति सिंह टीम SOG हमीरपुर
7. आरक्षी अतुल यादव टीम SOG हमीरपुर
8. आरक्षी अतुल तिवारी, सर्विलांस सेल हमीरपुर
9. आरक्षी मनोज कुमार थाना बिंवार जनपद हमीरपुर
10. आरक्षी अमन सिंह थाना बिंवार जनपद हमीरपुर
11. आरक्षी अंकित सिंह थाना बिंवार जनपद हमीरपुर
12. आरक्षी अनिल कुमार थाना बिंवार जनपद हमीरपुर